

# बार्डर 2 का नया पोस्टर रिलीज

## 16 दिसंबर को रिलीज होगा टीजर

बॉलीवुड के एक्शन सुपरस्टार सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बार्डर 2' का नया पोस्टर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है. फिल्म के पोस्टर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर देशभक्ति और उत्साह का माहौल बन गया है. वर्ष 1997 में आई सुपरहिट फिल्म 'बार्डर' की अगली कड़ी को लेकर दर्शकों में पहले से ही जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है.

टी-सीरीज ने फिल्म का यह नया पोस्टर अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया है. पोस्टर में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भारतीय सेना के जवानों के रूप में नजर आ रहे हैं. सभी कलाकार फौजी वर्दी में देशभक्ति के जज्बे और युद्ध के तेवर के साथ दिखाई दे रहे हैं. पोस्टर का बैकग्राउंड और लुक 1971 के भारत-पाक युद्ध की याद दिलाता है, जो फिल्म की थीम को और मजबूत बनाता है. पोस्टर के साथ शेयर किए गए कैप्शन में लिखा गया है, 'विजय दिवस का जोश, 1971 की जीत की याद और साल का सबसे ग्रैंड टीजर लॉन्च—एक साथ. 'बार्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे रिलीज होगा.'

इस घोषणा के बाद फैंस टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म 'बार्डर 2' में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मेधा राणा, मोना सिंह और सोनम बाजवा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं, जो इससे पहले देशभक्ति से जुड़ी फिल्मों के लिए सराहे जा चुके हैं. इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, जे.पी. दत्ता और निधि दत्ता कर रहे हैं. 'बार्डर 2' को टी-सीरीज और जेपी फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है और इसे गुलशन कुमार एवं टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है.

सह-निर्माता के रूप में कृष्ण कुमार भी इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं. देशभक्ति, बलिदान और जज्बे से भरपूर फिल्म 'बार्डर 2' को 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा. माना जा रहा है कि यह फिल्म न सिर्फ 1971 की ऐतिहासिक जीत को नए अंदाज में पेश करेगी, बल्कि दर्शकों को एक बार फिर देश के वीर जवानों के शौर्य से रूबरू कराएगी.

# देश और शहर के नाम के हैं सबसे पुराने सिनेमा हॉल

दुर्गेश रायकवार

## भोपाल में सिनेमा हॉल का सफर



**भोपाल** का पहला टॉकीज़ है भोपाल टॉकीज़. वर्ष 1950 में जब भोपाल में भोपाल टॉकीज़ अकेला सिनेमाघर हुआ करता था. बताते हैं यहाँ आधे हाल में महिलाओं के बैठने की अलग से व्यवस्था थी. मुख्य हाल दो भागों में विभाजित हुआ करता था. बीच में पर्दा रहता था, स्त्री-पुरुष एक साथ नहीं बैठ सकते थे. भोपाल टॉकीज़ भोपाल शहर के नाम से जाना जाता था.


भोपाल में फिल्में देखने के लिए टाकीज या यूं कहे तो छविगृहों की स्टोरी बड़ी रोचक और ऐतिहासिक है. भोपाल में दूसरा टॉकीज़ भारत टॉकीज़ हुआ. दोनों टॉकीज़ के नाम देश और शहर के नाम पर अर्थात एक टॉकीज़ भारत और दूसरा भोपाल टॉकीज़ हुआ करता था. 65 साल पहले इन टॉकीज़ में शाम के शो हुआ करते थे. उस जमाने में फिल्म बनाने वाले, संगीतकार, गायक, कलाकार तो अब नहीं हैं लेकिन भोपाल के दोनों सिनेमाघर आज भी मौजूद है, जो भोपाल की विरासत को बयां करते हैं. 60 साल पहले की तुलना में आज मल्टीप्लेक्स का जमाना है, जहां इंटरवल में लोग महंगी खाद्य सामग्री खरीदने को मजबूर हो जाते हैं. एक वह दौर था जब दर्शक मात्र मूंगफली अथवा समोसे, कचोरी में इंटरवल का लुत्फ उठाते थे. अनेक फिल्मों की समीक्षा पढ़कर ही लोग फिल्म देखने जाया करते थे. सिनेमागृहों में दर्शकों की भीड़ बढ़ने का मुख्य कारण फिल्म के कलाकार ही होते थे. हालांकि अब सिनेप्लेक्स भी उतार पर हैं, उनका स्थान ओटीटी ने ले लिया है.

यही नहीं गणेश उत्सव और नवरात्रि की झाँकियों के पास भी फिल्मों का प्रदर्शन प्रोजेक्ट के माध्यम से किया जाता था, जिसमें भारी भीड़ देखने को मिलती थी. रात को आसपास की स्ट्रीट लाइट बंद कर मोहल्लों की दीवार पर या पर्दा लगाकर फिल्म प्रदर्शित की जाती थी. पर्दे वाली फिल्म दोनों तरफ से देखी जा सकती थी, बस एक तरफ उलटी स्क्रीन का अनुभव होता था. यह फिल्म दर्शकों के लिये पूर्णतः निःशुल्क होती थी. यहां तक कि दो झाँकियों में फिल्म प्रदर्शन होता था, तो आसपास होने के कारण उनमें आपसी सामंजस्य रहता था, जिससे दर्शक भिन्न-भिन्न फिल्म रात को 8 या 9 बजे से तो दूसरी फिल्म 11 या 12 बजे से देख पाते थे.

सत्तर और अस्सी के दशक का एक जमाना था, जब भोपाल के टॉकीजों में भारी भीड़ देखने को मिलती थी. उस समय भोपाल में 16 टॉकीज़ थी और समय भी 12, 3, 6 और 9 बजे का रहता था. केवल 15 मिनिट पहले टिकिट खिड़की खुलती थी, तो काफी भीड़ होती थी. लड़ाई-झगड़े के साथ फिल्म देखने को मिलती थी. उस समय टिकिट ब्लैक भी होती थी. मतलब 10 रुपये की टिकिट 40 से 50 रुपये में लेकर लोग फिल्म देखते थे. इसके बाद लक्ष्मी टॉकीज़ सबसे पुरानी रही होगी. रेलवे स्टेशन के एक नम्बर प्लेटफार्म की तरफ किशोर टॉकीज़, जो बाद में मुस्कान टॉकीज़ हो गया.

इसी प्रकार 4 नं. प्लेटफार्म की तरफ अल्पना टॉकीज़ है और राधा टॉकीज़ थी तथा एम.पी. नगर में ज्योति टॉकीज़, जो सिनेप्लेक्स बन गया. राधा टॉकीज़, जिसमें एक आपराधिक घटना होने के कारण बंद हो गया था. स्टेशन के पास संगम टॉकीज़, जहाँगीराबाद में लिली टॉकीज़ और उसके पीछे गूंजबहादुर, मुझे याद है अगर लिली टॉकीज़ में फिल्म हाउस फुल रहती थी, तो फिल्म देखने के मूड से गया इंसान वापस न आकर गूंजबहादुर में फिल्म देखकर ही आता था. इसी प्रकार न्यू मार्केट के पास रंगमहल और उससे लगा हुआ संगीत टॉकीज़ है. अब तो दोनों टॉकीज़ काफी अच्छे बन गये हैं. हाँ भारत और रंगमहल टॉकीज़ में बीच-बीच में जादूगरों के जादू का आनंद भी बच्चों के साथ पालकों ने भी उठाया है. रायसेन रोड पर अप्सरा टॉकीज़, जिंसी पर पंचशील टॉकीज़ अपग्रेड होकर राज सिनेमा डाल्वी साउंड के कारण प्रसिद्ध हुआ. इसी के बगल में रम्भा टॉकीज़ में भी लोगों ने खूब फिल्म देखी. होता यह था कि अगर आदमी फिल्म देखने के लिये गया तो टॉकीजों के आसपास होने से लोगों के पास आप्शन होते थे कि यह नहीं तो यह सही. एम.पी. नगर में सरगम टॉकीज़ अब ध्वस्त हो चुका है. यह तो रहे हमारे 16 टॉकीज़. इसके पहले बीएचईएल में एक नटराज टॉकीज़, बैरागढ़ में सिंधु टॉकीज़ और बस स्टैण्ड के पास कृष्णा टॉकीज़ भी हुआ करता था. भोपाल से आउटिंग के समय हमारे पास सबसे अच्छा ऑप्शन था सीहोर का लीजा, जहाँ दो स्क्रीन होने के कारण वह भी लग्जरी सीट पर बैठकर फिल्म देखने का मजा ही अलग था.

दुनिया बदलते देर नहीं लगती, अब यंगस्टर के पास बहुत से ऑप्शन हैं. एमपी नगर स्थित डीबी मॉल, आशिमा मॉल और बंसल प्लाजा में सिनेपोलिस मल्टी स्क्रीन के माध्यम से अलग-अलग फिल्म भिन्न-भिन्न समय पर देख सकते हैं. वहीं करोंद स्थित मॉल में मुक्ता सिनेमा, औरा मॉल में पीवीआर, कोलार में डीडीएक्स सिनेमा, अवधपुरी में डीडीएक्स रीगल सिनेमा, लालघाटी में एलार्क में मिराज सिनेमा में लोग फिल्मों का आनंद ले रहे हैं. समय के साथ केपिटल मॉल (सी-21) में भी मल्टी स्क्रीन सिनेमा बंद हो चुका है, लेकिन लोग वीक एण्ड पर एमपीटी के डीडीएक्स ड्राइव इन सिनेमा में बड़ी स्क्रीन का आनंद लेना नहीं चूकते.



# दिशा के नए लुक ने बढ़ाया तापमान

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने ग्लैमरस अंदाज और फिट बॉडी के लिए हमेशा सुर्खियों में रहती हैं. एक बार फिर उन्होंने सोशल मीडिया पर ऐसा जलवा बिखेरा है, जिसने फैंस के साथ-साथ सेलेब्स का भी ध्यान खींच लिया है. दिशा द्वारा शेयर की गई लेटेस्ट तस्वीरों में वह लेमन कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं, जो उनके फिगर को बेहद खूबसूरती से कॉम्प्लिमेंट कर रही है.

इस ऑफ-शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस में दिशा का कॉन्फिडेंस और ग्रेस साफ झलक रहा है. उन्होंने अपने बालों को हल्के कर्ल्स के साथ खुला रखा है, जो उनके लुक को और सॉफ्ट टच देता है. मेकअप की बात करें तो दिशा ने न्यूड और लाइट मेकअप चुना है, जिससे उनकी नेचुरल ब्यूटी और भी उभरकर सामने आ रही है. अपने इस लुक को उन्होंने बटरफ्लाई डिजाइन के डायमंड ईयररिंग्स और डायमंड स्ट्रैप हील्स के साथ कंप्लीट किया है. तस्वीरों में दिशा अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं और हर फ्रेम में उनका स्टाइल स्टेटमेंट साफ दिखाई देता है. दिशा की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. कोई उन्हें 'क्वीन ऑफ हार्ट्स' बता रहा है, तो कोई 'गॉर्जियस' और 'स्टनिंग' जैसे कमेंट कर रहा है. खास बात यह है कि टीवी और बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री मौनी रॉय भी दिशा के इस लुक पर फिदा हो गईं.

## टीवी धारावाहिक

### भाबीजी घर पर हैं 2.0, हंसी, हलचल और सुपरनैचुरल ट्विस्ट से भरपूर !




**अपने** मज़ेदार और यादगार कॉमेडी शोज़ के लिए मशहूर एण्डटीवी एक बार फिर दर्शकों के लिए हंसी-ठहाकों की नई डोज़ लेकर आ रहा है. चैनल का लोकप्रिय शो अब नए अंदाज़ में लौट रहा है-भाबीजी घर पर हैं 2.0, जिसमें इस बार कॉमेडी के साथ रोमांच और थोड़ा सा सुपरनैचुरल ट्विस्ट भी देखने को मिलेगा. इस नए सीज़न की कहानी घूंघटगंज नाम के एक रहस्यमयी कस्बे की पृष्ठभूमि पर बनाई गई है, जहां परंपरा और रहस्य साथ-साथ चलते हैं. हालात ऐसे बनते हैं कि तिवारी, अंगूरी, अनीता और विभूति इस अजीबोगरीब शहर में पहुंच जाते हैं. इसके बाद शुरू होता है गलतफहमियों, मज़ेदार हालात और ठहाकों से भरा सिलसिला, जिसमें घूंघटगंज के अनोखे लोग भी खूब रंग जमाते हैं. कहानी में रहस्य का तड़का लगाती है विद्या, एक रहस्यमयी किरदार, जिसकी मौजूदगी सभी को चौंकाए रखती है. शहर के अजीब नियम, परालौकिक घटनाएं और किरदारों की नोंक-झोंक मिलकर ऐसे मजेदार पल रचते हैं, जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ बांधे भी रखते हैं.

### आ रहा है मजेदार फैमिली कॉमेडी शो घरवाली पेड़वाली

**एक** नया पारिवारिक कॉमेडी शो घरवाली पेड़वाली लेकर आ रहा है, जिसमें हल्की-फुल्की हंसी, पारिवारिक नोकझोंक और एक मज़ेदार सुपरनैचुरल ट्विस्ट शामिल है. शो में पारस अरोड़ा (जीतू पांडे), सीरत कपूर (सावी-घरवाली) और प्रियंवदा कांत (लतिका-पेड़वाली) मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे. इनके साथ ऋचा सोनी (रीता पांडे), गीता बिष्ट (गीता पांडे), हर्ष वशिष्ठ (रमेश पांडे), बृज भूषण शुक्ला (सुरेश पांडे) और अमिताभ घाणेकर (पनौती मामा) जैसे अनुभवी कलाकार भी जुड़ रहे हैं. शो का निर्माण पेनिनसुला प्रोडक्शंस ने किया है और यह 15 दिसंबर से रात 10 बजे हर सोमवार से शुक्रवार प्रसारित होगा. घरवाली पेडवाली एक मजेदार पारिवारिक मनोरंजन है, जो रोज़मर्रा की जिंदगी की हल्की-फुल्की मज़ेदार झलकियों को एक अनोखे अलौकिक ट्विस्ट के साथ खूबसूरती से पिरोता है. यह शो दर्शकों को हंसी, मस्ती और खुशियों से भरपूर सफर पर ले जाने का वादा करता है.

# 'मुझसे एक्टिंग होती ही नहीं' : सलमान

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल में बोले, फैंस रह गए हैरान



बॉलीवुड के दबंग सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों एक वीडियो क्लिप को लेकर सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं. यह वीडियो सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का है, जहां सलमान खान बतौर मेहमान पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने अपने फिल्मी करियर, लाइफस्टाइल और बदलती फिल्म इंडस्ट्री पर खुलकर बातचीत की. लेकिन इसी बातचीत में उन्होंने अपनी एक्टिंग को लेकर ऐसा बयान दिया, जिसने सभी को चौंका दिया.

सलमान खान ने कहा, 'इस जेनरेशन से भी एक्टिंग चली गई है. मुझे नहीं लगता कि मैं कोई बहुत जबरदस्त एक्टर हूं. मुझसे कुछ भी करवा लो, लेकिन एक्टिंग नहीं करवा सकते. वो मुझसे होती ही नहीं. जैसा दिल में फील आता है, वैसा ही कर देता हूं.' सलमान ने आगे यह भी कहा कि जब वह पर्दे पर रोते हैं, तो उन्हें लगता है कि लोग उन पर हंसते होंगे. हालांकि, वहां मौजूद फैंस सलमान की इस बात से सहमत नजर नहीं आए. जैसे ही उन्होंने रोने वाली एक्टिंग की बात कही, दर्शकों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि जब सलमान रोते हैं, तो दर्शक भी उनके साथ रोते हैं. यही वजह है कि सलमान की यह क्लिप अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है.

वीडियो सामने आने के बाद फैंस भी जमकर रिएक्ट कर रहे हैं. कई यूजर्स ने कमेंट में लिखा कि सलमान खान की सबसे बड़ी ताकत उनकी सच्ची भावनाएं हैं. कुछ फैंस ने 'बजरंगी भाईजान', 'तेरे नाम' और 'सुल्तान' जैसी फिल्मों का जिक्र करते हुए कहा कि इन फिल्मों में सलमान की एक्टिंग ने लाखों लोगों को भावुक कर दिया था. वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान की पिछली फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई.

## मस्ती-कल्चर फेस्ट का लुत्फ

कॉलेज लाइफ में पढ़ाई-लिखाई, असाइनमेंट और प्रैक्टिकल के बीच एक ही चीज़ सबसे ज्यादा स्पेशल होती है- मज़ा!

पूरी हफ्ते की थकान के बाद हर स्टूडेंट चाहता है कि कोई ऐसी जगह मिले जहाँ बस खुलकर हँसा जाए, दोस्तों के साथ एन्जॉय किया जाए, नए लोग मिलें, स्टार्स को लाइव देखा जाए और अपना भी कोई टैलेंट स्टेज पर दिखाने का मौका मिल जाए. आईआईटी बॉम्बे का मूड इंडिगो वही जगह है, जहाँ पढ़ाई का सीरियस मोड ऑफ हो जाता है.

16 से 18 दिसंबर तक आईआईटी बॉम्बे का हर कोना जी उठेगा. कहीं संगीत की धुनें, कहीं डांस के स्टेप्स, कहीं फैशन, कहीं थिएटर, हर जगह अलग-अलग फिर भी खूबसूरत एनर्जी का समागम देखने मिलता है.

इस बार सोनू निगम अपनी भावनात्मक और नॉस्टैल्जिक परफॉर्मेंस से दिल जीतेंगे, वहीं इंटरनेशनल इंडी-पॉप स्टार ध्रुव एक ग्लोबल फील जोड़ेंगे. हिप-हॉप प्रेमियों को सीधे मौत और कर्मा की दमदार परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी, जबकि रॉक और फ्यूज़न पसंद करने वालों के लिए चार दीवारी और सोलफुल आनंद कलेक्टिव स्टेज संभालेंगे.

इसके साथ ही बिस्मिल सूफी संगीत की गहराई लेकर आएँगे और बेल्जियम के ईडीएम कलाकार रोमियो ब्लैंको अपनी हाई-ऑक्टेन नाइट से माहौल जगमगा देंगे.



# एमपीपीकेवीवीसीएल भर्ती 2025

## 4009 पदों पर बड़ी भर्ती

**मध्य** प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड (एमपीपीकेवीवीसीएल) ने वर्ष 2025 के लिए अब तक की सबसे बड़ी भर्ती प्रक्रिया की घोषणा कर दी है. विभाग द्वारा जारी नवीनतम नोटिफिकेशन के अनुसार कुल 4009 पदों पर विभिन्न संवर्गों में नियुक्तियां की जाएँगी.

इस भर्ती में असिस्टेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, लाइन अटेंडेंट, टेस्ट असिस्टेंट, मैनेजर, लॉ ऑफिसर, वेलफेयर ऑफिसर, पब्लिक रिलेशन्स ऑफिसर सहित कई पद शामिल हैं. आवेदन प्रक्रिया 20 दिसम्बर 2025 से शुरू होकर 21 जनवरी 2026 तक चलेगी. इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते आधिकारिक वेबसाइट (एमपीडब्ल्यूज़ेड डॉट को डॉट इन) पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करें. विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन जमा करने से पहले उम्मीदवारों को पूरा नोटिफिकेशन ध्यानपूर्वक पढ़ना आवश्यक है. भर्ती प्रक्रिया के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है. आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाएगी. आवेदन शुल्क सामान्य और अन्य राज्य के अभ्यर्थियों के लिए 1200 तथा ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एससी, एसटी और पीएच उम्मीदवारों के लिए 600 रखा गया है, जिसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या ई-चालान से जमा किया जा सकेगा.

योग्यता मानदंड पदानुसार अलग-अलग हैं, जिनमें बी.टेक/बी.ई, डिप्लोमा, आईटीआई, 12वीं, जीएनएम, एम.एससी, एम.टेक, एमसीए आदि शिक्षाएं शामिल हैं. सबसे अधिक पद लाइन अटेंडेंट श्रेणी में हैं, जिनकी संख्या 2700 है. वहीं टेस्ट असिस्टेंट के 822, जूनियर इंजीनियर के 222, और असिस्टेंट इंजीनियर के 83 पद घोषित किए गए हैं. वेतनमान की बात करें तो चयनित अभ्यर्थियों को प्रति माह लगभग 18,000 से 42,700 तक वेतन के साथ सरकारी नियमों के अनुसार सभी भत्ते दिए जाएँगे.

# 764 तकनीकी पदों पर नियुक्ति का अवसर

## डीआरडीओ ने खोला ऑनलाइन आवेदन




रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने वर्ष 2025 के लिए बहुप्रतीक्षित सेप्टम-11 भर्ती अभियान की घोषणा कर दी है. विभाग द्वारा जारी आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार कुल 764 पदों पर सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट-बी (एसटीए-बी) तथा टेक्नीशियन-ए की नियुक्ति की जाएगी.

आवेदन प्रक्रिया 11 दिसम्बर 2025 से शुरू होकर 1 जनवरी 2026 तक चलेगी, जबकि शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि 3 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है. उम्मीदवारों को आवेदन भरने से पहले विस्तृत नोटिफिकेशन पढ़ने की सलाह दी गई है. इस भर्ती में शामिल होने हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित है. आयु सीमा की गणना 1 जनवरी 2026 के आधार पर की जाएगी.

आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी. 764 पदों में से 561 पद एसटीए-बी तथा 203 पद टेक्नीशियन-ए के लिए तय किए गए हैं. एसटीए-बी के लिए उम्मीदवारों के पास संबंधित विषय में बी.एससी डिग्री या एआईसीटीई मान्यता प्राप्त डिप्लोमा होना आवश्यक है.

टेक्नीशियन-ए के लिए 10वीं कक्षा उत्तीर्ण के साथ संबंधित ट्रेड में मान्यता प्राप्त आईटीआई प्रमाणपत्र अनिवार्य है. शुल्क संरचना भी पदों के अनुसार अलग है. एसटीए-बी के लिए सामान्य, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और एमएसपी उम्मीदवारों के लिए 750, तथा महिलाओं, एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी और पूर्व सैनिकों के लिए 500 निर्धारित किए गए हैं. वहीं टेक्नीशियन-ए पद के लिए सभी आरक्षित वर्गों हेतु शुल्क 500 है. शुल्क भुगतान ऑनलाइन मोड — डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई — से किया जाएगा. आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी. उम्मीदवारों को डीआरडीओ डॉट गोव डॉट इन वेबसाइट पर जाकर सेप्टम-11 भर्ती अनुभाग में आवेदन लिंक पर क्लिक करना होगा. पंजीकरण के बाद आवेदन फार्म भरकर फोटो, हस्ताक्षर, पहचान पत्र और शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी. गलत जानकारी देने पर आवेदन रद्द हो सकता है.

डीआरडीओ की यह भर्ती विभिन्न रक्षा प्रोजेक्टों में तकनीकी मानव संसाधन को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है. परीक्षा तिथि, प्रवेश पत्र और परिणाम की जानकारी विभाग द्वारा बाद में जारी की जाएगी. तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है.

# युवाओं के लिए सुनहरा मौका

## गुजरात पुलिस में 13,591 पदों पर भर्ती

**गुजरात** पुलिस भर्ती बोर्ड (जीपीआरबी) ने वर्ष 2025 के लिए बड़ी भर्ती प्रक्रिया की घोषणा की है. नई जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, कुल 13,591 पदों पर लोक रक्षक (कांस्टेबल) और उप निरीक्षक (पीएसआई) की नियुक्ति की जाएगी. यह भर्ती हाल के वर्षों में गुजरात राज्य पुलिस द्वारा निकाली गई सबसे बड़ी भर्ती मानी जा रही है. आवेदन प्रक्रिया 3 दिसम्बर 2025 से शुरू होकर 23 दिसम्बर 2025 तक चलेगी.

इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट (ओजस डॉट गुजरात डॉट गोव डॉट इन) पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. जीपीआरबी ने स्पष्ट किया है कि उम्मीदवार आवेदन भरने से पहले पूर्ण नोटिफिकेशन अवश्य पढ़ें. भर्ती में शामिल होने के लिए कांस्टेबल पद हेतु आयु सीमा 18 से 33 वर्ष तथा पीएसआई पद के लिए 21 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है. सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 100 रखा गया है, जबकि आरक्षित वर्ग के लिए शुल्क पूरी तरह निःशुल्क है. योग्यता मानदंड के अनुसार कांस्टेबल पद के लिए 12वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा पीएसआई पद के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अनिवार्य है.

कुल पदों में से 12,733 पद कांस्टेबल और 858 पद पीएसआई के लिए निर्धारित हैं. शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी एवं पीएसटी) भर्ती की प्रमुख चरणों में से एक होगी. पुरुष उम्मीदवारों के लिए 165 सेमी लंबाई, 79-84 सेमी छाती और 5000 मीटर दौड़ 25 मिनट में पूरी करना अनिवार्य है.

# सेना की तीनों शाखाओं में 451 पदों पर आवेदन शुरू

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने वर्ष 2026 के लिए संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा - प्रथम (सीडीएस-I) का विस्तृत नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. यह भर्ती भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए), वायु सेना अकादमी और ओटीए (ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी) के लिए की जा रही है.

कुल 451 पदों पर चयन प्रक्रिया संचालित होगी. इच्छुक उम्मीदवार यूपीएससी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं. आवेदन प्रक्रिया 10 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ होकर 30 दिसम्बर 2025 तक चलेगी. उम्मीदवारों को आवेदन के लिए पहले यूनिवर्सल रजिस्ट्रेशन नंबर (यूआरएन) बनाना होगा. यह यूआरएन सभी यूपीएससी परीक्षाओं के लिए समान रहेगा.




परीक्षा का आयोजन 12 अप्रैल 2026 को किया जाएगा, जबकि परिणाम मई 2026 में जारी होने की संभावना है. उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा संस्थान-वार अलग-अलग तय की गई है.

वायु सेना अकादमी के लिए आयु सीमा 20 से 24 वर्ष, आईएमए और आईएनए के लिए 19 से 24 वर्ष, तथा ओटीए के लिए 19 से 25 वर्ष निर्धारित है. आयु सीमा में सरकार के नियमों के अनुसार छूट भी उपलब्ध होगी.

योग्यता की बात करें तो आईएमए, ओटीए और महिला एसएससी गैर-तकनीकी पदों के लिए किसी भी विषय में स्नातक डिग्री आवश्यक है. आईएनए के लिए इंजीनियरिंग डिग्री, तथा वायु सेना अकादमी के लिए 12वीं में भौतिकी एवं गणित के साथ स्नातक डिग्री या इंजीनियरिंग डिग्री आवश्यक है.

प्रमुख रिक्तियों में आईएमए के 100, आईएनए के 26, वायु सेना अकादमी के 32, ओटीए पुरुष के 275 और ओटीए महिला के 18 पद शामिल हैं. शुल्क संरचना में सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 200 निर्धारित है, जबकि महिला उम्मीदवार, एससी और एसटी के लिए आवेदन निःशुल्क रखा गया है. शुल्क ऑनलाइन मोड डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई— के माध्यम से जमा किया जा सकेगा. आवेदन प्रक्रिया हेतु उम्मीदवारों को यूपीएससी ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करना होगा, व्यक्तिगत विवरण भरने होंगे, फोटो-हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे, और अंत में शुल्क जमा कर आवेदन फार्म जमा करना होगा.